हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 9 अप्रैल 2024

06 भंडार गृह में शुद्धता, सात्विकता के साथ तैयार....


09 लाइन में लगने को लेकर किसानों में झगड़ा...




**लोकसभा क्षेत्र**
जबलपुर

**1 भाजपा प्रत्याशी**
आशीष दुबे

**2 कांग्रेस प्रत्याशी**
दिनेश यादव

**पिछली बार कौन जीता**
राकेश सिंह

**जीत का अंतर**
4 लाख 54 हजार 744

### क्या रहेंगे मुद्दे?

जबलपुर प्रदेश का महानगर है, इसलिए यहां राष्ट्रीय और प्रादेशिक मुद्दों का खासा असर है। इसके साथ यहां सरकार द्वारा कराए गए काम भी मुद्दा बने हुए हैं। गांव-गांव तक सड़कों की कनेक्टिविटी अच्छी हुई है। सड़कों का जाल बिछा है। 4-5 फ्लाई ओवर तैयार हुए हैं। एक बड़ा फ्लाई ओवर बन रहा है। अन्य क्षेत्रों में भी केंद्र और राज्य सरकार ने काफी काम किए है। भाजपा मोदी और राम लहर के साथ इन कामों को मुद्दा बना रही है। कांग्रेस अपनी 19 माह की सरकार के कार्यों को गिना रही है। महंगाई और रोजगार को मुद्दा बना रही है। कांग्रेस के 5 न्याय और 24 गारंटियों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

## मुद्दों और काम के कारण कांग्रेस पर भारी पड़ रही भाजपा

# जबलपुर में प्रभु श्रीराम, मोदी लहर के साथ मैदान में भाजपा

*महाकौशल अंचल की जबलपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी आशीष दुबे और कांग्रेस के दिनेश यादव के बीच कई समानताएं है। दोनों बेदाग छवि और मिलनसार प्रवृत्ति के है। दोनों ने एलएलबी कर रखी है। आशीष लैंड लार्ड है और दिनेश के पास भी पैसे की कई नहीं है। फर्क यह है कि आशीष राम और मोदी लहर के साथ मैदान में हैं, जबकि दिनेश ने बड़ी तादाद में डिब्बे बनवाए हैं। वे और उनके समर्थक ये डिब्बे लेकर निकलते हैं और लोगों से 'एक नोट-एक वोट' की मांग करते हैं। राजनीतिक सच यह है कि जबलपुर में वर्ष 1996 से लगातार भाजपा का कब्जा है। चुनाव दर चुनाव उसकी जीत का अंतर बढ़ा है। मौजूदा माहौल देखकर यह परंपरा आगे भी कायम रहने की संभावना जताई जा रही है।*

**ग्राउंड रिपोर्ट**

दिनेश निगम 'त्यागी' ⏭ भोपाल

जबलपुर लोकसभा सीट में भाजपा-कांग्रेस के बीच मुकाबला तो है, लेकिन पलड़ा भाजपा का भारी है। ऐसा पहली बार नहीं है, भाजपा यहां लगातार जीत भी दर्ज करती आ रही है। 1991 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के श्रवण पटेल पहली बार मामूली अंतर 6 हजार 722 वोटों के अंतर से भाजपा के बापूराव परांजपे को हरा कर चुनाव जीते थे। इसके बाद से सीट पर भाजपा का कब्जा है और कांग्रेस एक अदद जीत के लिए तरस रही है। 1996 और 1998 के दो चुनाव बापूराव परांजपे ने जीते और 1999 में जयश्री बनर्जी ने जीत दर्ज की। इसके बाद 2004, 2009,


आशीष दुबे


दिनेश यादव

2014 और 2019 में भाजपा की ओर से लगातार राकेश सिंह ने कमल खिलाया। राकेश सिंह ने पिछला चुनाव साढ़े 4 लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से जीता। मौजूदा माहौल देखकर कहा जा रहा है कि जीत का यह आंकड़ा और बढ़ने वाला है। लगातार चार जीत दर्ज करने वाले राकेश सिंह इस बार जबलपुर से मैदान में नहीं हैं। पार्टी नेतृत्व के निर्देश पर वे विधानसभा का चुनाव लड़े थे और इस समय राज्य सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री हैं। उनके स्थान पर भाजपा ने बिल्कुल नए चेहरे आशीष दुबे को प्रत्याशी बनाया है। वे तीन बार से विधानसभा का टिकट मांग रहे थे, लेकिन मिला नहीं। उन्होंने ज्यादा संगठन में काम किया है और अब लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। उनकी बेदाग और निर्विवाद छवि है। उनकी गिनती जबलपुर के लैंड लार्ड के तौर पर होती है। कांग्रेस के दिनेश यादव भी पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। वे प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री हैं। इससे पहले वे पार्षद और नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष रहे हैं। कांग्रेस की ओर से वे महापौर का चुनाव भी लड़ चुके हैं। उनकी छवि भी अच्छी है, लेकिन वे भाजपा के आशीष से काफी पिछड़ते दिखाई पड़ रहे हैं। जबलपुर में भाजपा जैसी जीत दर्ज करती है, उसे देखकर स्पष्ट है कि यहां जातीय और सामाजिक गणित फेल हो जाते हैं।

### विधानसभा में भाजपा को हासिल है बढ़त

प्रदेश की कई अन्य सीटों की तरह जबलपुर में भी भाजपा को विधानसभा में बड़ी बढ़त हासिल है। लोकसभा क्षेत्र की 8 में से 7 विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा है, जबकि कांग्रेस के पास सिर्फ एक सीट है। 4 माह पहले हुए चुनाव में भाजपा ने पाटन, बरगी, जबलपुर उत्तर, जबलपुर कैंट, जबलपुर पश्चिम, पनागर और सिहोरा विधानसभा क्षेत्रों में बड़े अंतर से जीत दर्ज की है, जबकि कांग्रेस सिर्फ जबलपुर पूर्व सीट ही जीत सकी है। जबलपुर पूर्व में कांग्रेस के लखन घनघोरिया 27 हजार 741 वोटों के अंतर से जीते हैं, जबकि सातों सीटों में भाजपा की जीत का अंतर 2 लाख 36 हजार 359 वोट है। साफ है कि भाजपा को विधानसभा चुनाव से ही 2 लाख से ज्यादा वोटों की बढ़त हासिल है। कांग्रेस के लिए इस अंतर को पाटना बड़ी चुनौती है।

### ब्राह्मण, पिछड़ा, दलित वर्ग के वोटरों का दबदबा

सामाजिक समीकरण फेल होने की वजह से जबलपुर में हार-जीत का अंतर ज्यादा होता है। लोकसभा क्षेत्र में ब्राह्मण, पिछड़ा वर्ग और दलित वर्ग के मतदाताओं का दबदबा है। ब्राह्मण एकमुश्त भाजपा के खाते में जा सकते हैं, जबकि पिछड़े वर्ग का एक हिस्सा कांग्रेस को मिल सकता है। भाजपा प्रत्याशी ब्राह्मण और कांग्रेस प्रत्याशी पिछड़े वर्ग से हैं। क्षेत्र में मुस्लिम और आदिवासी वर्ग के मतदाताओं की तादाद भी काफी है। इनमें मुस्लिमों का अधिकांश वोट कांग्रेस के पक्ष में जा सकता है, जबकि दलित और आदिवासी मतों में बंटवारा होगा। हालांकि इनका ज्यादा हिस्सा भी भाजपा के पक्ष में ज्यादा जाने की संभावना है। क्षेत्र के वैश्य, क्षत्रिय एवं अन्य जातियों में भाजपा का दबदबा देखने को मिल रहा है। यहां ब्राह्मण, पिछड़ा वर्ग और दलित वर्ग महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### जबलपुर जिले को मिलाकर बनी लोस सीट

जबलपुर लोकसभा सीट का भौगोलिक एरिया बाहर नहीं गया। इसके तहत आने वाली सभी 8 विधानसभा सीटें जबलपुर जिले की ही हैं। जातीय आधार पर जरूर हर विधानसभा सीट की अलग-अलग स्थिति है। किसी सीट में दलित और आदिवासी ज्यादा हैं तो किसी में पिछड़े और ब्राह्मण। कुल मिलाकर दबदबा भाजपा का ही है। 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने अच्छा प्रदर्शन किया था। तब भाजपा और कांग्रेस को बराबर 4-4 सीटें मिली थीं। बावजूद इसके 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा के राकेश सिंह 4 लाख 54 हजार 744 वोटों के बड़े अंतर से जीते थे। अब तो विधानसभा में भी भाजपा का पलड़ा भारी है। माहौल भी भाजपा का है।

### खबर संक्षेप

#### आज निकलेगी महिला वाहन रैली

**सागर** । सिंधी कॉलोनी से जय माता दी झूलेलाल शरण मंडली द्वारा लालाराम मेठवानी के नेतृत्व में विशाल महिला वाहन रैली निकाली जाएगी जो पुरे वार्ड का भ्रमण कर वापस मेहुल गार्डन पर समाप्त होगी लालाराम मेठवानी ने बताया की रैली 9 अप्रैल सुबह 8 बजे श्री झूलेलाल मंदिर से प्रारम्भ होगी रैली को सफल बनाने अध्यक्ष दयाराम बहरानी, लालाराम मेठवानी, वेनु आहूजा, महिला अध्यक्ष दिया राजपूत ने की है ।

#### झूलेलाल जयंती पर 10 को निकलेगी शोभायात्रा

**सागर**। वरुण अवतार भगवान झूलेलाल जयंती के पवन पर्व पर विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी समाज के प्रवक्ता राजेश मनवानी ने बताया 10 अप्रैल सुबह 9:30 भोग साहिब प्रारम्भ श्री झूलेलाल मंदिर से होगा । जयंती पर सुबह 8 बजे राजा हासानी अपनी मित्र मंडली द्वारा विशाल वाहन रैली का नेतृत्व करेंगे । झूलेलाल मंदिर ट्रस्ट सचिव गुरुडिनो नागवानी, परमानद पंजवानी, राजकुमार धामेचा ने बताया की 10 अप्रैल को आरती सुबह 10:00 बजे व बहराना साहब की ज्योत प्रज्वलित 10:30 बजे और शोभायात्रा शाम 4:00 बजे झूलेलाल मंदिर से प्रारम्भ होकर भगवानगंज, राधा तिराहा, गुजराती बाजार, नया बाजार से कटरा जामा मस्जिद से तीनबत्ती से कोतवाली होकर चकराघाट पर संपन्न होगी । विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना के साथ बहराना साहब की ज्योत 7:30 बजे चकराघाट पर तालाब के बीचो बीच जाकर ज्योति को तालाब में विसर्जित की जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी सिंधी समाज की समितियों का भरपूर सहयोग मिल रहा है ।

#### अभ्यर्थियों के नवीन बैंक खाते खोलने के संबंध में आदेश जारी

**सागर**। भारत निवार्चन आयोग के द्वारा मध्यप्रदेश लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के लिये कार्यक्रम जारी किया जा चुका है। विभिन्न अभ्यर्थियो के द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने के साथ निर्वाचन के लिये किये जाने वाले व्यय की जानकारी संधारण हेतु अलग से बैंक खाते की जानकारी दी जानी अनिवार्य है। अतः सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों को अभ्यर्थियों के नवीन बैंक खाते खोलने के लिये निर्देशित किया जाना सुनिश्चित करें।

# पुरोहित पुजारी विद्वत संघ ने किया पंचांग पूजन, नव संवत्सर के राजा होंगे मंगल और मंत्री रहेंगे शनिदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सोमवार को पुरोहित पुजारी विद्वत संघ के तत्वाधान में तिली रोड बैंक कॉलोनी स्थितपशुपतिनाथ मंदिर में पंचांग पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ विद्वानों ने संवत्सर 2081 का फलादेश भी सुनाया सृष्टि संचालक मंडल में इस वर्ष राजा का पद भूमिपुत्र मंगल और मंत्री का पद न्याय देव शनि के पास रहेगा। युवा सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पं. भरत तिवारी ने बताया कि जैसे दीपावली पर व्यापार से जुड़े लोग अपने प्रतिष्ठान में बही खाते आदि का पूजन करते हैं। वैसे ही नव वर्ष पर नया पंचांग प्रारंभ करने से पहले पुरोहित पुजारियों द्वारा पंचांग पूजन की परंपरा अनादि काल से चली आ रही है उस परंपरा का निर्वहन अब हम लोग सामूहिक रूप से बृहद आयोजन करके निभाने लगे हैं। पुरोहित पुजारी विद्वत संघ के अध्यक्ष पं.शिवप्रसाद तिवारी ने बताया कि ब्रह्मपुराण के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के सृष्टि का आरंभ माना जाता है इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि का सृजन किया था इसीलिए सनातन धर्म के प्रमुख त्योहारों में गुड़ी पड़वा एक प्रमुख त्योहार मना जाता है आज ही के दिन नववर्ष उत्सव मनाया जाना चाहिए। धर्माधिकारी पं.बृजेश महाराज ने कहा गुड़ी पड़वा से वासंतिक नवरात्र भी प्रारंभ होता है



इसलिए हमारे ऋषि मुनियों ने उपवास की परंपरा भी आज से प्रारंभ की हमारा नववर्ष निराहार रहकर मनाया जाता है जबकि अंग्रेजी नववर्ष कैसे मनाया जाता है वो सब जानते है बताने की जरूरत नहीं सनातन धर्म ही सर्वश्रेष्ठ है।पंचांग पूजन में एसवीएन विवि के संस्थापक डॉ अनिल तिवारी, पं.सुशील पांडेय ढाना, शिवसेना उपराज्य प्रमुख पं.पप्पू तिवारी ने यजमान के रूप में सर्वप्रथम गोरी गणेश पूजन किया फिर षोडश उपचार विधि से पंचांग पूजन किया। पूजन पं.बालमुकुंद शास्त्री और पं.रमाकांत त्रिवेदी ने आचार्य के रूप में संपन्न कराया।

ज्योतिष प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष ज्योतिषाचार्य पं.रामगोविन्द शास्त्री ने संवत्सर का फल सुनाते हुए कहा सनातन धर्मवलंबियों का नव संवत्सर विक्रम संवत 2081 मंगलवार से शुरू हो रहा है। ज्योतिष मतानुसार नवंसत्सर का नाम पिंगल है। इस वर्ष राजा का दायित्व मंगल के पास है। राजा के अतिरिक्त मंगल पर चार अतिरिक्त विभाग भी हैं। इस वर्ष मंत्री का दायित्व शनि देव संभालेंगे। ग्रहों की स्थिति से इस बात के संकेत मिलते हैं कि यह वर्ष उथल-पुथल भरा तो रहेगा ही इनके असर से कई क्षेत्रों मे परेशानियां बढ़ेंगी, लेकिन रियल स्टेट, सिनेमा, शिक्षा और अर्थव्यवस्था में सुधार होगा। ऑटोमोबाइल, तकनीक, कम्प्यूटर, रोबोटिक, एआई के लिहाज से भी यह वर्ष शुभ रहेगा, लेकिन प्राकृतिक आपदाएं आती रहेंगी। आगे संवत्सर का विस्तृत फल बताते हुए संघ के महामंत्री पं.रामचरण शास्त्री श्रीहरि महाराज ने कहा वर्ष के मंत्रीमंडल में सस्येस मंगल, धान्येश चन्द्र, रसेस गुरु, नीरसेष मंगल, मेघेष शनि, धनेश मंगल, फलेश शुक्र, दुर्गेश शनि होंगे। सात स्थानों पर क्रूर ग्रह और तीन स्थानों पर सौम्य ग्रहों का साम्राज्य रहेगा। राजा सहित कुल चार विभाग अकेले मंगल के पास हैं। नव संवत्सर के प्रवेश की लग्न धनु होने से राशि स्वामी गुरु पंचम त्रिकोण मे हैं जिसके कारण सत्ता में बैठे व्यक्ति की बुद्धिमत्ता से कई समस्याओं का समाधान निकलेगा। भारत की सैन्य ताकत बढ़ेगी, लेकिन राजनैतिक उथलपुथल बढ़ेगी। प्राकृतिक आपदाओं के कारण जनधन हानि की संभावना है। भीषण गर्मी पड़ेगी। जो विप्रजन पंचांग विमोचन के समय सम्मान से वंचित रह गए थे उनको पंचांग पूजन कार्यक्रम के अंत में डॉ अनिल तिवारी ने हेलमेट पहनाकर सम्मानित किया। पंचांग पूजन में वेदप्रकाश चतुर्वेदी, डॉ रामचंद्र शर्मा, शिवम तिवारी, संतोष रावत, विमलेश दुबे, राजाकृष्ण शास्त्री, मोहित तिवारी, विमलेश दुबे, सुशील पाठक, गोलू तिवारी, संदीप चौबे, मनीष शुक्ला, शुभम पांडेय, राकेश व्यास, रसिक बिहारी, कौशल दुबे, प्रदीप तिवारी, के सी व्यास, आशीष पाठक सहित बड़ी संख्या में पुजारी पुरोहित और विद्वत जन उपस्थित रहे।



### सेवादल ने वाहन रैली का किया स्वागत

**सागर**। हिंदू नववर्ष की पूर्व संध्या पर शहर में निकली वाहन रैली का शहर के ह्रदय स्थल तीनबत्ती पर युवक कांग्रेस और कांग्रेस सेवादल परिवार ने भव्य स्वागत किया। युवक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल चौबे और सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे और साथियों ने वाहन रैली में सम्मिलित लोगों का पुष्प वर्षा कर हार्दिक स्वागत किया। नितिन पचौरी, लल्ला यादव, धीरज वाल्मीकि, अंकुर यादव, रवि जैन, तरूण सैनी, राहुल ताम्रकार आदि उपस्थित रहे।



### श्री बागेश्वर धाम बालाजी सरकार मंदिर निर्माण में हर प्रकार से सहयोग करूंगा : डॉ. अनिल तिवारी

**सागर**। सोमला के सरपंच प्रतिनिधि भोलेनाथ दुबे जी द्वारा 3 एकड़ दान की भूमि पर श्री बागेश्वर धाम बालाजी सरकार मंदिर का भूमिपूजन धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र शास्त्री ने 21 पंडितो के मंत्रोचार के साथ किया। पूजन में डॉ. अनिल तिवारी ने अपनी पत्नी सहित शामिल होकर पं. धीरेन्द्र शास्त्री का आर्शीवाद प्राप्त किया। डॉ. अनिल तिवारी द्वारा मंदिर निर्माण के लिए हर प्रकार से सहयोग देने की घोषणा की है।

### सिंधी फिल्म सिमरन का स्पेशल शो सिंधी समाज को दिखाया गया

**सागर**। श्री झूलेलाल मंदिर ट्रस्ट द्वारा झूलेलाल जयंती के अवसर पर सिंधी फिल्म सिमरन का स्पेशल शो सिंधी समाज को दिखाया गया । गुरुडिनो नागवानी, परमानन्द पंजवानी, राजकुमार धामेचा ने बताया की इस फिल्म में सिंधी समाज ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सिमरन का मतलब होता है एक खूबसूरत लड़की या नाम स्मरण...। वास्तव में सिमरन फिल्म एक ब्यूटीफुल लड़की की कहानी है। जो बहुत कुछ करना चाहती है, लेकिन वह बयां नहीं कर पाती। इस वजह से प्रोड्यूसर ने फिल्म का नाम सिमरन रखा। जो सिमरन करता है उसे कभी दुःख नहीं आता है। सिमरन फिल्म की कहानी में कामयाबी हासिल करने के लिए सिमरन अपने बायफ्रेंड से कहती हूं। मुझे अपना कॅरियर बनाने के लिए अमेरिका जाना होगा और वह अमेरिका चली जाती है। फिल्म में अपने बायफ्रेंड की मम्मी जो विधवा थीं, उन्हें वृद्धाश्रम में छोड़ना पड़ता है। बाद में सिमरन को गलती का अहसास होता है।

### जरूआखेड़ा में झोलाछाप डाक्टरों पर कार्यवाही

**सागर**। ग्राम जरूआखेडा में अप्रशिक्षित डॉक्टर के इलाज के बाद 16 वर्षीय किशोर की तबियत बिगडनें और मौत होने की जानकारी मिलने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता तिमोरी द्वारा तत्काल संभाग एवं जिला स्तरीय टीम का गठन कर जांच करवाई गई। रविवार 7 अप्रैल को ग्राम जरूआखेडा भेज कर झोलाछाप डॉक्टरों पर जांच एवं कार्यवाही की गई। दो ऐसी क्लीनिक पर कार्यवाही की गई जिसमें एक क्लीनिक बंद पाई गई। गनेश नियोगी ने जिस बच्चे का इलाज किया था उसने क्लीनिक एवं फोन बंद कर दिया था तथा लोगो के बुलाने से भी नही आया, उस पर कार्यवाही की गई।



### निगमायुक्त ने नवरात्रि और ईद के अवसर पर धार्मिक स्थलों के आस-पास विशेष सफाई कराने के निर्देश दिए

**सागर**। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने प्रातः भूतेश्वर मंदिर रोड का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को एयर प्रेशर मशीन से सफाई कराने और रोड निर्माण के शेष कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चैत्र नवरात्रि एवं ईद के त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए सभी मंदिरों एवं मस्जिदों के आसपास विशेष सफाई कराई जाए और सड़कों की सफाई रोड स्वीपिंग मशीन और एयर प्रेशर मशीन के माध्यम से कराई जाए ताकि किसी भी स्थान पर गंदगी न हो ।

## आचरण संहिता का पालन करवाने में मीडिया की महत्ती भूमिका : एसपी अभिषेक तिवारी

# शुद्ध स्वतंत्र, निष्पक्ष लोकसभा निर्वाचन में मीडिया सहयोग करेः आर्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने मीडिया कर्मियों से आगामी लोकसभा निर्वाचन को शुध्द, स्वतंत्र और निष्पक्ष कराने में सहयोग की अपेक्षा की है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी ने कहा कि आदर्श आचरण संहिता का पालने कराने में मीडिया की महत्ती भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक आज मकरोनिया स्थित एक होटल में ''निर्वाचन में मीडिया की भूमिका'' विषय पर आयोजित मीडिया कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। इस असवर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीसी शर्मा, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रूपेश कुमार उपाध्याय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा, चुनाव आयोग के मास्टर टेनर श्री




वाय.पी. सिंह भी उपस्थित थे।दीपक आर्य ने मीडिया कर्मियों से कहा कि चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुरूप निर्वाचन प्रकिया संपन्न करवाई जाती है। पेड न्यूज पर नियंत्रण के साथ ही उसकी निगरानी के लिए एमसीएमसी (मीडिया अनुवीक्षण एवं मीडिया प्रमाणन समिति) का गठन भी किया जाता है। चुनाव तभी सफलतापूर्वक संपन्न होंगे जब मीडिया हाउस निष्पक्ष रूप से सहयोग करेंगे तथा पेड न्यूज, फेक और भ्रामक खबरों के प्रकाशन से स्वयं को तटस्थ रखेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी निगेटिव खबर के प्रकाशन अथवा प्रसारण के पूर्व उसकी सत्यता या वस्तुस्थिति का पता अवश्य लगा लेना चाहिए। दीपक आर्य ने मीडिया कर्मियों द्वारा पूछे प्रश्नों के उत्तर भी दिये।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी ने कहा कि निष्पक्ष चुनाव के लिए लागू आचरण संहिता के पालन में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। भ्रम फैलाने वाली खबरों के प्रकाशन से मीडिया को बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की जायेगी। सभी मीडिया कर्मियों को चुनाव आयोग द्वारा प्रदत्त प्राधिकारी पत्र अवश्य साथ में रखना चाहिए। सुरक्षा, जांच और कानून व्यवस्था बनाए रखने में मीडिया को पुलिस प्रशासन का सहयोग भी करना चाहिए।

### अतिथि शिक्षकों को निर्वाचन कार्य में नही लगाने के निर्देश

**सागर**। संचालक लोक शिक्षण डीएस कुशवाह ने समस्त कलेक्टरों को कहा है कि अतिथि शिक्षकों की सेवायें निर्वाचन कार्य में नहीं ली जाये। अतिथि शिक्षकों की सेवायें स्कूल शिक्षा विभाग में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में 30 अप्रैल तक मान्य की गई हैं। इसके पश्चात अतिथि शिक्षकों को मानदेय भुगतान करने का प्रावधान नहीं है। निर्वाचन कार्य में अतिथि शिक्षकों को यथासंभव न लगाया जाये तथा यदि अपरिहार्य कारणों से ऐसा किया जाना आवश्यक हो तो कृपया उनकी ड्यूटी 30 अप्रैल तक ही निर्वाचन कार्य में लगायी जाये।

## खबर संक्षेप

### उत्साह से मनाई जाएगी झूलेलाल जयंती

**गंजबासौदा।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भगवान झूलेलाल की जयंती धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई जाऐगी। इस अवसर पर बुधवार को सुबह 8 बजे वाहन रैली त्योंदा रोड सिंधी कॉलोनी से निकलकर पलोड़ पेट्रोल पंप, राजेंद्र नगर, सिरोंज चौराहा, सावरकर चौक, जय स्तंभ चौक, रेलवे स्टेशन, हनुमान मंदिर से होते हुए मील रोड से वापस सिंधी कॉलोनी पहुंचेगी। तत्पश्चात सुबह 9 बजे भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा त्योंदा रोड सिंधी कॉलोनी से निकल कर जय स्तंभ चौक से होते हुए बरेठ रोड नई सिंधी कॉलोनी चर्च के पीछे काला बाग भगवान झूलेलाल के मंदिर पर पहुंचेगी। आयोजन स्थल भगवान झूलेलाल के मंदिर पर कथा, कीर्तन कर बहराणा साहब की पूजा अर्चना कर पल्लव पाकर आरती, अरदास की जाऐगी तथा शाम 4 बजे बहराणा साहब को बेतवा तट पर विसर्जन किया जाएगा।

### देहात थाना पुलिस ने की वाहनों की चैकिंग



**गंजबासौदा।** रविवार को देहात थाना पुलिस द्वारा गंज मोड़ के पास दो पहिया, चार पहिया वाहनों की जांच पड़ताल की। रविवार को देहता थाना पुलिस ने विशेष अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध जुर्माने की कार्रवाई की गई।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**गंजबासौदा।** रविवार को संजीव उर्फ रामेश्वर कुशवाहा उम्र 23 साल निवासी मुरादपुर ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

## धीमी गति से चल रहा पुल का निर्माण कार्य...




**गंजबासौदा।** नगर के बासौदा-सिरोंज मार्ग पर स्थित बेतवा नदी के पुल का निर्माण कार्य पिछले कई वर्षों से इतनी धीमी गति से चल रहा है कि आगामी 2 वर्ष में भी पूर्ण होने की उम्मीद दिखाई नहीं दे रही है।

### अरणि मंथन कर वैदिक मंत्रों से प्रकट अग्नि को भट्टियों में कराया वास

# भंडार गृह में शुद्धता, सात्विकता के साथ तैयार होगी भोजन प्रसादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वेत्रवती घाट स्थित नौलखी आश्रम पर आयोजित होने जा रहे विराट प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रारंभ होने में मात्र एक दिन शेष रह गए हैं। लेकिन तीर्थ क्षेत्रों से साधु संतों की जमात अभी से आश्रम पर पहुंचना प्रारंभ हो गई है। आश्रम के समीप बनाए गए भंडार गृह में रविवार को महंत राममनोहर दास महाराज, उप यज्ञाचार्य पंडित केशव शास्त्री सहित अन्य ब्राह्मणों ने वैदिक मित्रों के बीच अरणी मंथन के जरिए अग्नि प्रकट कर उस अग्नि को भोजन बनाने वाली बड़ी-बड़ी भट्टियों में वास कराया। भट्टियों में अग्नि के पहुंचते ही आज से ही उन पर भोजन बनना भी प्रारंभ हो गया है। यज्ञ में शामिल होने पहुंच रहे साधु-संतों, यजमानों, ब्राह्मणों के अलावा यज्ञ की पूर्णाहुति पर 1 लाख श्रद्धालुओं के भंडारे का निर्माण इन भट्टियों पर पूरी सात्विकता, पवित्रता और शुद्धता का ध्यान रखते हुए हलवाइयों द्वारा तैयार किया जाएगा।







रविवार को आश्रम पर राम मनोहरदास महाराज द्वारा पत्रकारों से चर्चा करते हुए यज्ञ की विभिन्न व्यवस्थाओं की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर पत्रकारों का श्रीमहंत द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर के आश्वासन के बाजवूद स्थानीय प्रशासन से लकडी की आपूर्ति, शौचालय निर्माण, सडक के दोनों ओर सफाई, पुलिया मरम्मत आदि व्यवस्थाओं में पर्याप्त सहयोग न मिलने की बात भी बताई गई। ज्ञात हो कि नौलखी आश्रम पर विराट धार्मिक महोत्सव का शुभारंभ 10 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा से प्रारंभ होने जा रहा है। यह कलश यात्रा स्टेशन रोड़ स्थित नौलखी मंदिर से सुबह 8 बजे प्रारंभ होगी जिसमें प्राण प्रतिष्ठित होने वाली देव प्रतिमाओं सहित संतों की शोभायात्रा शामिल रहेगी। शोभायात्रा में 2100 से अधिक मंगल कलश लेकर महिलाएं शामिल होंगी। यज्ञ में मां अन्नपूर्णा की रिद्धि और सिद्धि के लिए वृंदावन से आ रहे साथ पंडितों के द्वारा प्रतिदिन 10 दिन तक अखंड रूप से भंडारगृह में मां अन्नपूर्णा स्तोत्र का पाठ किया जाएगा। भंडारगृह के प्रभारी संत बृजमोहन दास रामायणी ने बताया कि सात्विकता, शुद्धता और पवित्रता के साथ प्रसादी तैयार हो इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। वृंदावन से आ रहे आचार्य पंडित जगदीश शास्त्री सहित सात ब्राह्मणों की टीम भंडार गृह में मां अन्नपूर्णा को मनाने और उनकी कृपा के लिए अखंड रूप से प्रतिदिन अन्नपूर्णा स्त्रोत का पाठ करेगी, ताकि भंडारे में अन्न कि कहीं कोई कमी ना रहे और यज्ञ के दर्शन के लिए आने वाले हर श्रद्धालु को भरपूर प्रसादी मिले। महायज्ञ की शोभा बढ़ाने के लिए विभिन्न तीर्थ क्षेत्रों से तपस्वी साधु संतों की जमातें आश्रम पर पहुँचना प्रारंभ हो गई हैं। इन जमातों ने अभी आश्रम के ही एक छोर पर बने विजय हनुमान मंदिर पर डेरा जमाया है जहां यह साधु भरी दोपहरी में धूना तपते हुए श्रद्धालुओं के लिए आस्था और श्रद्धा का केंद्र बन गए हैं। यज्ञ के दौरान साधुओं की इन जमातों की संख्या बढ़ जाएगी। जिससे आयोजन स्थल तपस्वी साधुओं की तपस्या से कुंभ के रूप में दिखाई देगा।

## इंसानियत, नैतिकता और कर्तव्यनिष्ठा की मिशाल पेश करते रेलकर्मी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

जहां आए दिन भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी और लापरवाही के कई मामले देखने और सुनने में आते हैं। वहीं दूसरी ओर गंजबासौदा स्टेशन पर कार्यरत रेलकर्मी नित्य नई मिशाल समाज के आमने पेश कर रहे हैं। ईमानदारी, कर्तव्य निष्ठा, नैतिकता और इंसानियत का एक ऐसा ही मामला शनिवार को भी प्रकाश में आया जब विदिशा निवासी 21 वर्षीय प्रांजल श्रीवास्तव भोपाल इटारसी विंध्याचल एक्सप्रेस में भोपाल से विदिशा के लिए रवाना हुए। विंध्याचल एक्सप्रेस के विदिशा स्टेशन पर पहुंचते ही नव युवक विदिशा स्टेशन पर उतर गया लेकिन जल्दबाजी और भूल बस अपना बैग जिसमें HP कंपनी का लेपटॉप रखा था, उसे अपनी सीट पर ही छोड़ दिया। जब तक युवक को अपनी गलती का आभास हुआ तब तक विंध्याचल एक्सप्रेस विदिशा स्टेशन छोड़ चुकी थी। युवक ने तुरंत ही इसकी जानकारी आरपीएफ थाना विदिशा को दी। आरपीएफ थाना प्रभारी ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत ही इसकी सूचना गंजबासौदा आरपीएफ प्रभारी को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी प्रकाश रघुवंशी ने ऑन ड्यूटी आरपीएफ जवान वसीम खान इस संबंध में निर्देशित किया। आरपीएफ जवान ने तत्परता दिखाते हुए विंध्याचल एक्सप्रेस के आते ही संबंधित बोगी में पहुंचकर बैग और लेपटॉप को बरामद किया और इसकी जानकारी लेपलॉप के मालिक को दी। लैपटॉप की जानकारी मिलते ही नवयुवक अगली ही ट्रेन से गंजबासोदा स्टेशन पहुंचा जहां कागजों की जांच पड़ताल के पश्चात बैग एवं लैपटॉप संबंधित नवयुवक को सुपुर्द कर दिया गया। लेपटॉप की कीमत लगभग 60000 से 65000 रूपए थी। इसके पूर्व भी महिला रेल यात्री का बैग गंजबासौदा रेल कर्मियों की तत्परता से बीना स्टेशन पर उतरवाया गया था।

## उत्साह से मनाया जा रहा गणगौर उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के मारवाड़ी अग्रवाल समाज की महिलाओं द्वारा गणगौर उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। उत्सव के 11वें दिन बालाजी परिवार के द्वारा पूजन एवं गोट का आयोजन दाद्जी प्लाजा में किया गया। जिसमें नेहा मित्तल, नीता अग्रवाल, वंदना अग्रवाल, मोनिका मित्तल, रानी मित्तल, वीणा मित्तल सहित अग्रवाल समाज की अनेक महिलाएं उपस्थित थीं।

## शांति समिति की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को तहसील के पटवारी सभागृह में आगामी त्यौहारों ईद, रामनवमी, महावीर जयंती, हनुमान जयंती, नववर्ष गुड़ी पड़वा, नवरात्रि नौलखी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की जानकारी के संबंध में चर्चा के लिए शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम विजय राय, एसडीओपी मनोज मिश्रा, सिटी थाना प्रभारी संजीव चौकसे, देहात थाना प्रभारी हरिकिशन लोहिया, तहसीलदार सहित सभी विभागों के अधिकारी, गणमान्य नागरिक, शीतला शक्ति धाम समिति सदस्य, व्यापार संघ सदस्य उपस्थित थे। बैठक के दौरान शहर के सीसीटीवी सही ढंग से संचालित करने हेतु दिशा निर्देश दिए गए एवं सदस्यगण द्वारा विभिन्न प्रकार की व्यवस्थाओं के सुझाव भी दिए गए। जिस पर एसडीएम द्वारा संबंधित विभाग को कार्य सुनिश्चित तरीके से पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया।

## यादव समाज की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को शाम के समय यादव समाज सेवा समिति द्वारा यादव समाज धर्मशाला में बैठक आयोजित की गई। जिसमें धर्मशाला निर्माण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जितेन्द्र यादव, नाथूराम यादव, सुनील यादव, अन्नू यादव, महेन्द्र यादव, नरेन्द्र गुड्डु यादव, दीपक यादव, गजेन्द्र सिंह यादव, संजू यादव, नारायण सिंह यादव, हरीराम यादव, रमेश यादव, नत्थू यादव, भूपेन्द्र यादव, मुंशीलाल यादव सहित यादव समाज के अनेक लोग मौजूद थे।

## हिन्दू चेतना सेवा समिति द्वारा चलाया जा रहा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



हिंदू चेतना सेवा समिति द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान के तहत साप्ताहिक हनुमान चालीसा का उन्नीसवा चरण संपन्न हुआ। हिंदू चेतना सेवा समिति विदिशा मंडल गंजबासौदा के तत्वावधान में नशा मुक्त भारत अभियान एवं युवाओं को धर्म एवं आध्यात्म से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत प्रत्येक शनिवार को नगर के अलग-अलग हनुमान मंदिरों पर हनुमान चालीसा का 7 बार पाठ किया जाता है एवं युवाओं को नशा मुक्ति के लिए शपथ दिलाई जाती है। जिसके तहत शनिवार को श्री हनुमान मंदिर उमा यश स्कूल वाली गली पर हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें आकाश जैन, सूर्य प्रताप सिंह राजपूत, एवन सिंह विश्वकर्मा, नितिन अग्रवाल, जैत्र राजपूत, राकेश रघुवंशी, अरुण यादव, प्रशांत शर्मा, रवि रघुवंशी, अर्णव रघुवंशी, लखन गुर्जर, अमित विश्वकर्मा, लव गुर्जर, वीर कुशवाहा, जसवंत सिंह राजपूत, जगदीश कुशवाहा, देवांश शर्मा, यशस्वी गोस्वामी, नंदकिशोर वर्मा आदि सदस्य उपस्थित रहे एवं मोहल्ले के युवाओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई एवं युवाओं को हिंदू धर्म के प्रति जागृत किया गया।

### मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के पदाधिकारीगण रहे मौजूद

## गौ दूध से रोजा अफ्तार कर बुजुर्गों के साथ मनाया जमातुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबंधित संस्था मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के पदाधिकारीगण और कार्यकर्ताऔ ने जीवाजीपुर वृद्धाश्रम पहुंच कर बुजुर्गो के साथ गौ दूध और खजूर से रोजा अफ्तार किया। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने रघुकुल वृद्धाश्रम जीवाजीपुर मे वृद्धजनों का सम्मान कर एक माह की राशन सामग्री भी प्रदान की।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने नौजवानों का आह्वान करते हुऐ कहा मां-बाप की खिदमत और उनकी इज्जत करो, मां की खिदमत सबसे ज्यादा करनी चाहिए सभी धर्म ग्रंथो मे कहा गया है कि मां के पैरों तले जन्नत है । मां और मातृभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर है। समाजसेवी शिक्षक नेता पृथ्वीसिंह रघुवंशी ने बताया हमारी मां ने तकलीफ पर तकलीफ झेलकर नौ महीने तक हमे अपने पेट में उठाए



रखा, हम अपनी मां का कर्ज कभी नही उतार सकते । वरिष्ठ नेता पर्वत सिंह ने कहा जिस घर मे बुजुर्ग होते हैं उस घर मे रौनक रहती है हमे अपने माता पिता बुजुर्गो का सम्मान करना चाहिए। अपने मां-बाप की खूब खिदमत करो, क्योंकि उन्होंने आपकी खिदमत तब की जब आप अपने आप से हिल भी नहीं सकते थे। यह बिल्कुल सत्य बात है कि अगर हम आप मां-बाप की खिदमत करते हैं, तो हमसे हमारा ईश्वर भी खुश होगा। माता पिता बुजुर्गो की सेवा ही नारायण सेवा है। यही सबसे बड़ा पुण्य है उनके चरणों में ही सारे तीर्थ सारे धाम है।

### कलश यात्रा निकली



**गंजबासौदा।** रविवार को नगर के वार्ड क्रमांक 1 व 2 में दुर्गा महारानी की त्रि दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में कलश यात्रा शीतला माता मंदिर से निकाली गयी। इस दौरान जगह जगह पर भक्तों द्वारा कलश यात्रा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर आचार्य पं. राहुल शास्त्री, पं. अभिषेक दुबे शास्त्री, पं. अंकित शास्त्री, पुजारी विशाल वैष्णव सहित दोनों वार्डों के वार्डवासी, भक्तगण कलश यात्रा में शामिल हुए। कलश यात्रा के समापन पर प्रसादी का वितरण किया गया।

## सर्राफा व स्वर्णकार संघ का होली मिलन समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रतिवर्ष की परम्परा अनुसार सर्राफा एवं स्वर्णकार संघ द्वारा होली मिलन समारोह होटल योगेश्वरी में आयोजित किया गया। जिसमें संघ के सभी सदस्यों सहित नगर के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं साहित्यकार संघ के सृजनशील रचनाकारों को आमंत्रित किया गया। इस आत्मीय एवं गरिमामय आयोजन में उपस्थित महानुभावों ने रंग-गुलाल लगाकर समिति सदस्यों सहित सभी का स्वागत वंदन अभिनंदन किया। तत्पश्चात इस होली महोत्सव में नगर के रचनाकारों जयकुमार शीतल, रज्जन लाल सिंघई, अनिल गीतकार, राकेश जैन विद्युत, ऋषभ जैन बिंदास, प्रोफेसर ऋषभ जैन, रामनारायण सोनी, चन्द्रकुमार तारण, कमलेश सोनी, ज्ञानचंद अज्ञान, वैघराज निहाल सिंह पंथी द्वारा गीत-गजल, लोकगीत-शायरी, हास्य-व्यंग्य से उपस्थित जन समुदाय को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता



वरिष्ठ लोक गीतकार रामनारायण सोनी द्वारा की गई एवं संचालन एड. चन्द्रकुमार तारण संपादक सृजन परिदृश्य द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम को सफलता के सोपान तक ले जाने में नवीन कार्यकारिणी एवं पदाधिकारियों की प्रशंसा की गई। जिसमें अध्यक्ष नीरज ओसवाल, सचिव आकाश जैन शुभ मंगल, कोषाध्यक्ष मनीष जैन, उपाध्यक्ष बंटी सोनी, प्रशांत सोनी, सह सचिव सचिन जैन ने अथक प्रयास किया एवं मुकेश गोयल, श्रीबाबू गर्ग, अखिलेश बैशाखिया एवं समस्त सदस्यों की उपस्थिति में होली के रंग पर्व को उमंग-उल्लास से भर दिया। संघ के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में उपस्थित राजेश तिवारी पूर्व क्षेत्र मंत्री विहिप, शैलेन्द्र रघुवंशी जिला उपाध्यक्ष भाजपा एवं पत्रकार राहुल पलोड़ सहित समस्त गणमान्य नागरिकों के प्रति आत्मा की अतल गहराईयों से कृतज्ञता व्यक्त की।

### सुंदरकांड पाठ आयोजित



**गंजबासौदा।** शनिवार को रात्रि 8 बजे से दुर्गा शक्ति धाम मंदिर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन प्रभु सुमरन ग्रुप द्वारा किया गया। जिसमें पंडित मुन्नालाल शास्त्री, पुजारी विशाल वैष्णव, प्रशांत भार्गव, देवेंद्र वर्मा, उमंग वर्मा, कार्तिक महलवार, राकेश महलवार आदि भक्तों ने भाग लिया। उक्त आयोजन सुमिरन ग्रुप के वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कार्यक्रम किया गया। इसके बाद भगवान की आरती के बाद प्रसादी वितरण हुआ।

### सरसों खरीद केन्द्रों पर अव्यवस्था का आलम, पीने के लिए पानी के इंतजाम भी नहीं

# लाइन में लगने को लेकर किसानों में झगड़ा, एसडीएम ने फोन भी नहीं उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

समर्थन मूल्य पर सरसों की खरीदी करने के लिए सेंट्रल वेयरहाउस श्योपुर में चार संस्थाओं के खरीद केन्द्रों पर भारी अव्यवस्थाओं का आलम बना हुआ है। जिसके चलते आए दिन किसानों में तुलाई को लेकर हंगामे और विवाद की स्थितियां बन रही हैं। सोमवार को लाइन में लगने को लेकर किसानों में विवाद हो गया। इस दौरान कुछ किसानों ने समझाइस देकर विवाद शांत करा दिया और व्यवस्थाओं में सुधार करवाए जाने के लिए एसडीएम श्योपुर को फोन भी लगाया। मगर एसडीएम ने मौके पर आना तो दूर की बात किसानों का फोन भी नहीं उठाया। इसको लेकर किसानों में खासा रोष देखा जा रहा है।

दरअसल सेंट्रल वेयरहाउस श्योपुर में चार संस्थाओं के द्वारा सरसों खरीद केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है। इनमें सोंईकला,कनापुर, तुलसेफ और फिलोजपुरा शामिल है। इन खरीद केन्द्रों पर सरसों लेकर पहुंच रहे किसानों का आरोप है कि यहां पूरी तरह अव्यवस्थाओं का आलम है। यहां न तो ट्रेक्टर-ट्रॉली को खड़े करने के लिए कोई व्यवस्था है और न ही तुलाई को लेकर कोई नियम। लाइन में लगने को लेकर किसान आपस में आए दिन उलझ रहे हैं। वहीं तुलाई को लेकर भी हंगामे की स्थिति बन रही है। जो किसान दो-तीन दिन से खडे है,पहले उनकी फसल तुलनी चाहिए, मगर जो किसान बाद में आ रहे हैं, उनकी फसल की तुलाई पहले की जा रही है। किसानों की प्यास बुझाने के लिए पानी के इंतजाम भी नहीं है। जिसकारण किसान प्यास बुझाने के लिए परेशान हो रहे हैं। प्रशासन के अधिकारी भी व्यवस्था देखने के लिए फोन लगाने के बाद भी नहीं पहुंच रहे हैं।



#### किसानों के आपस में झगड़े के दौरान टूटी ट्रैक्टरों की लाइटे

किसानों का कहना है कि जिस तरह चार संस्थाए खरीदी कर रही है,उस तरह संस्था वार किसानों की ट्रैक्टर ट्रॉली की लाइन लगनी चाहिए। मगर इस तरह की कोई व्यवस्था यहां नहीं बनाई गई है,जिसके चलते किसानों की ट्रैक्टर ट्रॉली मनमजी से लग रही है। जिसे जहां जगह मिल जाती है,वह वहां अपनी ट्रॉली लगा देता है। सोमवार को ट्रैक्टर -ट्रॉली लाइन में लगाने की बात को लेकर कुछ किसानों में झगडा हो गया। इस दौरान आपस में ट्रैक्टरों के टकराने से उनकी लाइटे भी फूट गई। विवाद ज्यादा बढता,उसके पहले ही कुछ समझदार किसानों ने मामला शांत करा दिया। लेकिन किसानों ने प्रशासन की व्यवस्था को लेकर खासी नाराजगी जताई है।

#### किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष बोले एसडीएम को तीन बार लगाया फोन

जिस समय सरसों खरीद केन्द्र पर किसानों के बीच लाइन में लगने को लेकर विवाद हुआ, उस समय वहां भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष जगदीश नागर भी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि किसी तरह समझाइस देकर किसानों का विवाद शांत करा दिया, लेकिन यहां बनी अव्यवस्थाओ में सुधार के लिए एसडीएम श्योपुर मनोज गढवाल को तीन बार मैने मोबाइल लगाया, लेकिन उन्होंने एक बार भी कॉल रिसीव नहीं किया। अफसरों का यह रवैया ठीक नहीं है। परेशान किसान तो अफसरों को भी अपनी समस्या बताएंगे। लेकिन अफसर समस्याओं का समाधान करने के बजाए फोन ही नहीं उठाएंगे तो काम कैसे चलेगा। एसडीएम की इस लापरवाही की शिकायत कलेक्टर से करेंगे। उधर एसडीएम श्योपुर मनोज गढवाल से इस संबंध में चर्चा करने के लिए हरिभूमि ने भी उनके मोबाइल नंबर पर कॉल किया, लेकिन एसडीएम ने कॉल नहीं उठाया।

#### इनका कहना....

सीडब्ल्यूसी वेयर हाउस में चल रहे सरसों खरीद केन्द्रों पर किसानों को बिना वजह परेशान किया जा रहा है। खरीदी संस्था से जुड़े लोग अपने रिश्तेदारों की ट्रैक्टर-ट्रालियां को पहले तुलवा रहे हैं। जिला प्रशासन इस तरफ ध्यान देकर स्थिति में सुधार करवाए।

**लोकेन्द्र मीणा किसान**


यदि इस तरह की स्थितियां हैं तो मौके पर पहुंचकर स्थिति देखी जाएगी। खरीद केन्द्र पर आने वाले किसान परेशान न हो, इसके लिए कार्रवाई की जाएगी।

**पी गुजरे**
**उप संचालक कृषि श्योपुर**

### निरीक्षण दल को मिली अनियमितता, वरिष्ठ अधिकारी को की रिपोर्टिंग

# शनिवार को ही सोमवार के हस्ताक्षर करके रफूचक्कर हो गए मास्साब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




सरकारी स्कूलों की व्यवस्था सुधारने का नाम नहीं ले रही है। सबसे अधिक परेशानी ढोढर, वीरपुर, सहसराम जैसे संकुल केंद्रों पर आ रही है जहां पर शिक्षक मनमर्जी से स्कूल आ जा रहे हैं और मनमर्जी से हस्ताक्षर भी कर रहे हैं। इसकी बानगी सोमवार को निरीक्षणकर्ता को तब मिली जब शासकीय माध्यमिक विद्यालय भंसूदर का टपरा में पदस्थ शिक्षक स्कूल तो नहीं पहुंचा अलबत्ता उसके हस्ताक्षर उपस्थिति रजिस्टर पर जरूर थे। बाद में पता चला कि यह हस्ताक्षर तो वह शनिवार को ही करके चला गया था। इस तरह की लापरवाही पर निरीक्षणकर्ता ने वरिष्ठ अधिकारियों को रिपोर्टिंग की है।

संकुल केंद्र ढोढर के प्रभारी ने संकुल केंद्र स्तर पर स्कूलों की व्यवस्थाएं चाक चौबंद बनाए रखने के उद्देश्य से निरीक्षण दल को निर्देश दिए। इस क्रम में मिडिल स्कूल प्रभारी बनाकर भेजे गए पवन वर्मा उच्च माध्यमिक भंसूदर का टपरा ने जन शिक्षा केंद्र मानपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अमर सिंह रावत एक दिन पूर्व शनिवार को ही हस्ताक्षर पंजी में हस्ताक्षर करके गायब हो गया था। यह जानकारी शाला स्टाफ द्वारा दी गई। वर्मा ने अपनी रिपोर्ट रजिस्टर पर अंकित करते हुए कहा कि स्कूल में तीन शिक्षक उपस्थित मिले जबकि चौथा शिक्षक अमर सिंह रावत के फर्जी हस्ताक्षर रजिस्टर पर दर्ज़ थे। वह स्कूल आए बिना एडवांस रजिस्टर पर हस्ताक्षर करता है। स्टाफ ने यह भी बताया कि शिक्षक दबंग प्रवृत्ति का है इसलिए वह उसे फर्जी हस्ताक्षर करने से रोक नहीं पाते हैं। उसका मन जब होता है तब वह स्कूल आता है जब मन नहीं होता तब है बिल्कुल नहीं आता पर हस्ताक्षर एडवांस और बकाया सभी एक साथ करता है।

# कोई ईद से महरूम न रहे इसलिए जरूरतमंदों के घर पहुंचाई ईदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



रमजान के रोजे सभी रख रहे हैं और इन रोजों के पूरा होने की खुशी में ईद मनाई जाती है। इस ईद से कोई महरूम न रह जाए इस सोच के साथ जमीयत उलेमा ए हिंद ने उन घरों में ईद से पहले ईदी पहुंचाने का प्रबंध किया जो जरूरतमंद है।

जमीयत उलेमा ए हिंद के जिला अध्यक्ष हाफिज आदिल कुरैशी ने बताया कि जमीयत की ओर से हर साल की तरह इस साल भी ऐसे जरूरतमंदों का चयन किया गया जो मदद के हकदार थे इन लोगों के यहां ईद से पहले ईद गिफ्ट के रूप में किट पहुंचा दी गई है जिसमें ईद पर उपयोग में आने वाली सिवैयां, आटा, चावल, शकर, मेवे, नगद रुपए रखे गए हैं।

# भानूप्रताप का सहायक वैज्ञानिक पद पर चयन

**इंडियन एग्रीकल्चरल रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा घोषित परिणाम में फायनल सिलेक्शन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



इंडियन एग्रीकल्चरल रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा 3 अप्रैल 2024 को घोषित परिणाम में भागचंद पांडोलिया एवं सब्बो देवी के सुपुत्र भानूप्रताप का चयन सहायक वैज्ञानिक के पद पर चयन होने पर परिवार एवं आधुनिक नालंदा निःशुल्क कोचिंग क्लासेस की टीम और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। भानूप्रताप की पहली पोस्टिंग केंद्रीय बागवानी परीक्षण केंद्र चेट्टल्ली, जिला कोडागू, कर्नाटक में हुई है। सहायक संचालक राजेश बैरवा ने बताया कि भानुप्रताप की उपलब्धि श्योपुर जिले के साथ साथ देश के युवाओं को दिशा प्रदान कर रही है। इस उपलब्धि पर परिवार एवं आधुनिक नालंदा निःशुल्क कोचिंग क्लासेस के साथ साथ परिवार जन और शुभचिंतकों ने भानूप्रताप को बधाई दी है।

# कराहल के जनपद शिक्षा केन्द्र पर बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कराहल स्थित जनपद शिक्षा केन्द्र पर सोमवार को बीपीएमयू की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीआरसीसी कराहल अजय रावत ने की। बैठक में निपुण भारत कार्यक्रम के अंतर्गत मिशन अंकुर के तहत एफएलएन पर चर्चा की गई। साथ ही मेटरिंग विजिट, मिशन अंकुर सामग्री वितरण, शिक्षा एमपी एप डाउनलोड करने और लॉगिन किए जाने की समीक्षा,अभ्यास पुस्तिका वितरण अपडेट, कक्षा तीन से 8 वीं तक के परीक्षाफल, निर्माण की स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में सभी बीएसी, सीएससी मौजूद थे।

# कलेक्टर ने बताया मतदान का महत्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिला जेल श्योपुर के बाहरी परिसर में सोमवार को मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड ने मतदाता जागरूकता रैली को संबोधित करते हुए लोकतंत्र में मतदान के महत्व को बताया तथा सभी मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में आगामी 7 मई को होने वाले लोकसभा निर्वाचन के मतदान में सहभागिता करने की अपील की गई। उन्होने कहा कि जिले में मतदान प्रतिशत बढाने तथा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है तथा लोगों को निर्भिक होकर स्वतंत्र रूप से मतदान करने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिला जेल के बाहरी परिसर में आयोजित मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। इस मौके पर जेल अधीक्षक बीएस मौर्य, जेल चिकित्सक डॉ संजय जैन, जेल स्टॉफ आदि उपस्थित थे।

#### प्रशिक्षण से अनुपस्थित 13 कर्मचारियों को नोटिस

**श्योपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी लोकेश कुमार जांगिड द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत श्योपुर एवं विजयपुर में आयोजित मतदान अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रशिक्षण से अनुपस्थित 13 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किये गये हैं। जिन कर्मचारियों को नोटिस दिये गये है उनमें सीएमएचओ आफिस श्योपुर के दीपक गुप्ता,रवि कुमार गौतम, हर्षित शर्मा, दीपक माथुर, शिक्षा विभाग से प्रीतम हरदैनिया, रश्मि सेन, रामकिशन आदिवासी,शिपला चौहान, मंजू राठौर, भरत सिंह राजपूत, आशुतोष राजौरिया,भारती मुदगल तथा जनपद पंचायत श्योपुर से राकेश डण्डोतिया शामिल है। उक्त कर्मचारी गत 31 मार्च एवं 01 अप्रैल को आयोजित मतदान अधिकारियों एवं कर्मचारियों के क्षमतावर्धन प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहे थे।


# बढ़ गई अंतिम तारीख, अब 15 अप्रैल तक जमा होंगे प्रवेश फार्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिला स्तरीय शासकीय उत्कृष्ट स्कूल सहित विकासखंड स्तरीय मॉडल स्कूलों में प्रवेश पाने के लिए आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। बताया गया है कि पहले आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 5 अप्रैल थी, जिसे बढाकर अब 15 अप्रैल कर दिया गया है। जिसके चलते जो विद्यार्थी प्रवेश फार्म जमा करने से चूक गए थे, वे अब अपना प्रवेश फार्म जमा कर सकते हैं। बताया गया है कि प्रवेश परीक्षा 28 अप्रैल को आयोजित की जाएगी।

### सांस्कृतिक संध्या में महिलाओं और बच्चों ने प्रस्तुतियों से बांधा समां

# थाने देख कोनी पाई बाबा श्याम घुघटियों आड़े आग्यो जी...


हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

गौतम जयंती उत्सव के तहत आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में रविवार की रात गौतम धर्मशाला में सांस्कृतिक संध्या आयोजित की गई। महिला मंडल के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चो और महिलाओं ने नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया।

सांस्कृतिक संध्या की शुरूआत महर्षि गौतम जी की पूजा अर्चना के साथ हुई। कार्यक्रम के दौरान जहां बच्चों ने एक से बढकर डांस की प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब तालिया बटोरी। वहीं महिलाओं ने थाने देख कोनी पाई बाबा श्याम घुघटियों आड़े आग्यो जी भजन पर सामूहिक नृत्य की जोरदार प्रस्तुति दी। इसके बाद महिलाओं ने भजनों पर किए एकल नृत्य ने समा बांध दिया। इस दौरान 70 वर्षीय मणी गौतम ने भजन पर नृत्य की जो प्रस्तुति दी,उसकी महिला मंडल पदाधिकारी सहित दर्शन दीर्घा में बैठी महिलाओं ने तारीफ करते हुए कहा कि इतनी उम्र में भी नृत्य की रोचक प्रस्तुति वाकई तारीफे काबिल है। कार्यक्रम के अंत महिला मंडल की जिलाध्यक्ष चेतना गौतम, उपाध्यक्ष अंशु शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने नृत्य की प्रस्तुति देने वाली सभी महिलाओं सहित बच्चों को सम्मानित करते हुए उन्हें पुरस्कृत किया।

#### महर्षि गौतम जी की शोभायात्रा आज

न्याय शास्त्र के प्रणेता श्री अक्षपाद महर्षि गौतम जी की जयंती 9 अप्रैल को धूमधाम से मनाई जाएगी। इस मौके पर गौतम धर्मशाला में जहां सुबह 9 बजे से महर्षि गौतम जी का सामूहिक पूजन अर्चन और हवन किया जाएगा। वहीं दोपहर 3 बजे से महर्षि गौतम जी की शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा किला रोड स्थित गौतम धर्मशाला से शुरू होगी, जो गाजेबाजे के साथ शहर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरेगी। शोभायात्रा में बडी संख्या में समाजीय लोग जुटेगे। शोभायात्रा के बाद सामूहिक भोज का कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। गौतम ब्राह्मण समाज श्योपुर के अध्यक्ष वेदप्रकाश गौतम, सचिव जय प्रकाश गौतम तथा कार्यक्रम संयोजक विनोद गौतम ने समाजीय बंधुओं से परिवार सहित महर्षि गौतम जी की शोभायात्रा में शामिल होने का आग्रह किया है।

### पुण्य अर्जित करने के लिए लोगों ने किए दानपुण्य

# सोमवती अमावस्या पर हजारों श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में लगाई आस्था की डुबकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



सूर्योदय से पहले ही रामेश्वर त्रिवेणी संगम तट पर हर-हर गंगे के उद्घोष गूंजने लगे। श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद मंदिरों में पूजा-अर्चना कर दान-पुण्य किए। ऊषाकाल से शुरू हुआ स्नान व दान-पुण्य का सिलसिला दोपहर बाद तक अनवरत जारी रहा। यह नजारा था सोमवार को भगवान परशुराम की तपोस्थली रामेश्वर धाम पर। सोमवती अमावस्या के इस पुण्य फलदायी पर्व पर मोक्ष की कामना को लेकर रामेश्वर धाम पर चंबल, बनास एवं सीप नदियों के त्रिवेणी संगम में हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र डुबकी लगाई। सपरिवार पहुंचे श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में स्नान करने के बाद भगवान लक्ष्मीनारायण मंदिर में दर्शन किए और भगवान रामेश्वर महादेव का अभिषेक किया।

सोमवार की अल सुबह से शुरू हुआ स्नान का सिलसिला शाम तक जारी बना रहा।इसी बीच कई श्रद्धालुओं ने नाव के जरिए दूसरी पार राजस्थान सीमा में स्थित परशुराम घाट पर स्नान करके भगवान चतुर्भज नाथ के मंदिर में पहुंचकर दर्शन किए। यहां चल रही अखंड ज्योति के लिए शुद्ध घी का दान भी किया। अखण्ड रामधुन सुनी और दान पुण्य भी किए। पवित्र स्नान के लिए श्योपुर क्षेत्र ही नहीं बल्कि विजयपुर और कराहल क्षेत्र के अलावा, मुरैना, शिवपुरी, ग्वालियर जिलों से भी बड़ी संख्या में लोगों ने रामेश्वर पहुंचकर त्रिवेणी में डुबकी लगाई। मध्यप्रदेश और राजस्थान सीमा में त्रिवेणी संगम के दोनों ही किनारे धर्मप्रेमियों की अच्छी खासी भीड़ जुटने से मेला जैसा माहौल दिखाई दिया। श्रद्धालुओं ने अन्न, वस्त्र आदि का दान किया। इस दौरान कई लोगो ने अन्न क्षेत्र से सूखा राशन लेकर संगम किनारे प्रसादी बनाई। पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के प्रबंध किए गए।

#### उतनवाड़ ध्रुवकुंड भी पर उमड़े श्रद्धालु

त्रिवेणी संगम रामेश्वर के साथ ही बड़ौदा तहसील क्षेत्र के उतनवाड़ गांव स्थित पवित्र ध्रुव कुंड में भी श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान किया। यहां भी सुबह से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई, जो दोपहर बाद तक चलती रही। यहां ध्रुव कुंड में स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने ध्रुरव जी के मंदिर और भगवान शंकर के मंदिर में दर्शन किए।

#### मधुमक्खियों ने बोला हमला, इधर उधर भागते नजर आए श्रद्धालु

रामेश्वर त्रिवेणी संगम पर स्थान के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं में उस समय अफरा तफरी की स्थिति बन गई, जब वहां एक पेड़ पर लगे मधुमक्खी के छत्ते से मधुमक्खियों ने अचानक उडकर श्रद्धालुओं पर हमला बोल दिया। इस दौरान श्रद्धालु इधर उधर भागते नजर आए। लोग बता रहे हैं कि कुछ लोगो ने पेड़ के नीचे भोजन प्रसाद बनाने के लिए कंडे जलाए तो उसकी धुआं से मधुमक्खियां उड़ गई, जिन्होने कई श्रद्धालुओं को काट लिया। किसी तरह श्रद्धालुओ ने इधर उधर भागकर अपनी जान बचाई।

#### सुहागिन महिलाओं ने व्रत रखकर सुनी कथा

शहर समेत अंचलभर में सोमवार को महिला समुदाय ने सोमवती अमावस्या का पर्व पारंपरिक श्रद्धा से मनाया। इस अवसर पर महिलाओं ने व्रत रखकर इस पर्व से जुड़ी कथा सुनी। सुहागिन महिलाओं ने मंदिरों में अन्न, वस्त्र, फल चढ़ाए। सुहागिन महिलाओं ने इस पर्व पर सुहाग सामग्री का दान भी किया।

#### सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं सभी त्योहारः कलेक्टर

**श्योपुर।** नवदुर्गा, ईदुलफितर, रामनवमी तथा गणगौर त्यौहारों को लेकर सोमवार को शांति समिति की बैठक कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड ने कहा कि सभी त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्ण तरीके से आपसी भाईचारे के साथ मनाए जाएं। उन्होंने त्योहारों के मद्देनजर संबंधित अधिकारियों को समुचित व्यवस्थाएं करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि नवदुर्गा, ईदुलफितर, रामनवमी तथा अम्बेडकर जंयती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के दौरान सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए जाए तथा ईदगाह की ओर जाने वाले रास्तों पर साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था की जाए। ईदगाह पर वाहनों के लिए पार्किंग स्थल का निर्धारण किया जाए। उन्होंने कहा कि शहर के जिन स्थानों पर ईद की नमाज होगी उनके आसपास भी साफ-सफाई की जाए। इसी प्रकार 17 अप्रैल को रामनवमी पर आयोजित जुलूस के मार्ग में साफ-सफाई के विशेष इंतजाम किये जायें तथा पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जायें। 12, 13 एवं 14 अप्रैल को गणगौर उत्सव के दौरान भी सभी इंतजाम सुनिश्चित किये जायें। अम्बेडकर जंयती 14 अप्रैल के अवसर पर आयोजित जुलूस मार्ग पर भी सफाई के विशेष इंतजाम किये जायें। उन्होंने मोती कुई एवं परी गेट क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट लगाने के निर्देश नगरपालिका अधिकारियों को दिये। इसके अलावा 9 अप्रैल को बोहरा समुदाय की ईद को दृष्टिगत रखते हुए बोहरा बाजार क्षेत्र में साफ-सफाई कराने तथा सुलभ आवागमन की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये गये। एसपी अभिषेक आंनद ने बताया कि ईदुलफितर, रामनवमी जुलूस के दौरान पुलिस सुरक्षा के सभी इंतजाम किए जायेंगे। शहर में जिन स्थानों पर नमाज अदा की जाएगी वहां पर्याप्त पुलिसबल तैनात किया जाएगा। एसडीएम एवं एसडीओपी कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए समन्वय करेंगे। ईदगाह पर पार्किंग की व्यवस्था भी की जाएगी तथा ईदगाह पर पर्याप्त संख्या में पुलिसबल तैनात रहेगा। इसी प्रकार रामनवमी पर आयोजित जुलूस के दौरान भी सुरक्षा व्यवस्था चॉक-चौबंद रहेगी, उन्होने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा शहर में कैमरे लगाये जाने का प्रस्ताव भेजा गया है, वैकल्पिक तौर पर चिन्हित स्थानो पर नगरपालिका के माध्यम से सुरक्षा की दृष्टि से सीसी टीवी कैमरो की व्यवस्था सुनिश्चित की जायें। शहरकाजी अतीक उल्लाह कुरैशी ने बताया कि चॉद दिखने के आधार पर 10 अप्रैल अथवा 11 अप्रैल को ईदुलफितर की नमाज ईदगाह पर प्रातः 09 बजे होगी। इसके अलावा अन्य मस्जिदो की सूची उनके द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी। बैठक में अपर कलेक्टर डॉ अनुज कुमार रोहतगी, एएसपी सतेन्द्र सिंह तोमर, एसडीएम मनोज गढवाल, एसडीओपी राजीव कुमार गुप्ता, प्रभारी डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, नगरपालिका अध्यक्ष रेणु सुजीत गर्ग, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य कैलाश नारायण गुप्ता एवं रामलखन नापाखेडली, अंजुमन सदर शब्बीर नागौरी, श्रीराम जन्मोत्सव समिति अध्यक्ष राजेन्द्र मित्तल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद चीनी कुरैशी, शौकत उल्ला खान, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेशराज दुबोलिया, बक्फ बोर्ड जिलाध्यक्ष काजी असद उल्ला कुरेंशी, अंजना मारवाड़ी, नगर निरीक्षक योगेन्द्र सिंह जादौन आदि भी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### पति ने मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी

**अशोकनगर।** जिले के शाढौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम झीला निवासी रूपन पत्नि षिवराम अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी पति षिवराम अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### पुलिस ने अड्डे पर की छापामार कार्रवाई

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत पुलिस को मुखविर से सूचना मिली थी कि मेला ग्राउड की पार पर एक सडडे का अडडा चलाया जा रहा है। इस सूचना के बाद पुलिस ने ताष के पत्तो से जुआ खेलते हुए इसकार मोहम्मद ,ताहिर खान,नजर अंसारी और रहिमुद्दीन खान को गिरफतार किया है। जिनके पास से पुलिस ने 18 हजार रूपए सटटे की पर्ची व एक चार्ट बरामद किया है। पुलिस ने आरोपिया के खिलाफ गेम्बिलग एक्ट का मामला दर्ज किया है।

### 315 बोर का अवैध कट्टा बरामद किया गया

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत पुलिस ने पिछोर रोड चंदेरी मार्ग से घनष्याम पुत्र गुलाब सिंह लोधी निवासाी खैराना थाना भौती जिला षिवपुरी को गिरफतार किया है।जिसके पास से 315 बोर का देषी कटटा और एक कारतूस बरामद किया गया है।

### फसल काटकर ले जाने वालों की नामदर्ज रिपोर्ट

**अशोकनगर।** कदवाया थाने के अंतर्गत जीवन पुत्र कन्हईया आदिवासी उम्र 41 साल निवासी मउअन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह बच्ची की शादी के लिए लडका देखने घर से बाहर गए थे। तभी उसके खेत मे खडी फसल आरोपी रामसिंह पाल धनपाल अजय यादव और बालचंद प्रजापति काटकर ले गए। पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### जिले में अवैध शराब से जुड़े कई प्रकरण बनाए

**अशोकनगर।** जिले मे अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए है। जिले की कदवाया पुलिस ने ग्राम छिकरी निवासी परमाल जाटव के पास से 30 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की ईसागढ थाने की पुलिस ने ग्राम चिमला निवासी पिंकी बाई आदिवासी के पास से 20 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। नईसराय पुलिस ने ग्राम रेझा निवासी पे्रमी जाटव के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। मुगावली पुलिस ने गुलाब निवासी रामनगर के पास से 20 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। मुगावली पुलिस ने ही डिपो निवासी रामकली बाई सासी के पास से 15 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### गांव में रह रहे जिलाबदर को किया गिरफ्तार

**अशोकनगर।** एसपी द्वारा एक दिन पहले काबिंग गस्त के दौरान निरीक्षण किया गया था जिसके फलस्वरूप शाढौरा पुलिस ने ग्राम फरदाई के जिला बदर बदमाश राजकुमार रघुवंशी को चेक किया गया जो अपनी उपस्थिति छुपा कर गांव में ही रहते हुए पाया गया। जिसे मौके पर ही गिरफ्तार कर आरोपी के विरुद्ध मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14 एवं 188 आईपीसी के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया। जिला बदर बदमाश अक्टूबर 2023 से 1 वर्ष के लिए जिला बदर किया गया था। कांबिंग गस्त के दौरान टीम द्वारा तीन गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए तथा मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के ग्राम जलालपुर क्षेत्र से माधवगढ़ निवासी विशाल पुत्र बल्ला पारदी एवं आकाश पुत्र क्रेश पारदी को अवैध कच्ची देसी शराब के साथ पकड़ा गया जिनके कब्जे से पृथक .पृथक दो दो प्लास्टिक की 50 .50 लीटर की नीली टंकियां में भरी हुई अवैध कच्ची देसी शराब कीमती 30000 जप्त की गई तथा एक मोटरसाइकिल प्लैटिना कीमती 70000 की अवैध शराब परिवहन में जप्त की गई। आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा 34(2 )आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया आरोपियों द्वारा माधवगढ़ क्षेत्र से शराब लाकर क्षेत्र में विक्रय करने की सूचना पर कार्रवाई की गई। आरोपी आकाश फरार होने से कचनार थाना को सूचना दी गई शराब के अवैध परिवहन में जप्त मोटरसाइकिल को राजसात कराने की कार्रवाई की जाएगी।

### ग्राम पंचायतो में करोड़ों का घोटाला, अभी तक नहीं की गई है ठोस कार्रवाई

# जिन पंचायतों में बिना निर्माण कार्य के राशि आहरण की गई वह पंचायतें जिला पंचायत अध्यक्ष के क्षेत्र की

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

बदरवास जनपद पंचायत के भीतर आने वाली ग्राम पंचायतो में बिना निर्माण कार्य के सरकारी राशि का सरपंच सचिव और रोजगार सहायको ने आहरण किया है जब इस मामले का खुलासा हुआ तो फिर बात जिला प्रशासन के अधिकारियो पर आ गई मामले में जिला कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी, जिला पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी उमराव मरावी और जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा अमित यादव आमने सामने आ गये मामला करीब एक सप्ताह पहले उजागर हो गया था लेकिन इस पूरे मामले में अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नही हुई है खास बात यह है कि इस पूरे मामले को लेकर जिला प्रशासन के अधिकारी कुछ भी नही बोल रहे है जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी ने संचालक जन शिकायत निवारण प्रकोष्ठ म.प्र. राज्य रोजगार गारंटी परिषद भोपाल के पत्रो के आधार पर दोषी पंचायतों के रोजगार सहायकों को नोटिस जारी किया है। नोटिस में बताया गया है कि उन्होंने निर्माण कार्य सक्षम अधिकारी से निर्माण कार्य की तकनीकी प्रशासनिक स्वीकृति जारी किए बिना निर्माण कार्य पोर्टल पर प्रदर्शित कर दिए और राशि हड़प ली। इस आधार पर ग्राम बामोरखुर्द के रोजगार सहायक रमेश जाटव द्वारा 0.70 लाख का भुगतान कराया जाना पाया गया है। ग्राम पंचायत ढकरोरा के रोजगार सहायक कल्याण सिंह दांगी ने 5 निर्माण कार्यो की कुल राशि 05.73 लाख का भुगतान कराना पाया गया है, ग्राम पंचायत सडबूड के रोजगार सहायक दुर्गेश कोरी के पत्र क्रमांक 1217 में बताया गया है कि 10 निर्माण कार्यो की कुल राशि 05.73 लाख का भुगतान कराया पाया गया है। ग्राम पंचायत सुमेला मोहन सिंह यादव रोजगार सहायक के पत्र क्रमांक 1215 में 4 निर्माण कार्यो 08.42 लाख रुपए की राशि निकालना बताई गई है। ग्राम पंचायत कुटवारा के रोजगार सहायक जारी पत्र क्रमांक 1223 में छत्रपाल लोधी ने दो निर्माण कार्यो में कुल राशि 1.57 लाख रुपए की राशि निकाली गई है। वहीं ग्राम पंचायत लालपुर के रोजगार सहायक राघवेन्द्र दांगी ने 5 निर्माण कार्यो में 12.96 लाख का भुगतान उल्लेखित है। ग्राम पंचायत देहरदा गणेश के नाम पत्र क्रमांक 1203 में परमाल सिंह दांगी द्वारा दो निर्माण कार्यो में कुल राशि 23.84 लाख रूपए खर्च की गई। ग्राम पंचायत बरोदिया के पत्र क्रमांक 1207 में रोजगार सहायक रंझोल सिंह ने दो निर्माण कार्यो की कुल राशि 23.84 लाख रूपए खर्च करना बताया गया। ग्राम पंचायत तिलातिली के पत्र क्रमांक 1211 के द्वारा रोजगार सहायक भरत यादव ने कुल राशि 52.30 लाख रुपए 12 निर्माण कार्यो पर निकालना बताए हैं। कुल मिलाकर 9 रोजगार सहायकों को जिला पंचायत सीईओ ने दोषी माना है साथ ही यह भी बताया है कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बदरवास के माध्यम से तृतीय सूचना पत्र देने के बाद भी ग्राम पंचायतों द्वारा मूल अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए गए है। समय सीमा व्यतीत होने के बाद भी रोजगार सहायकों द्वारा उक्त कार्यो से संबंधित नस्ती पेश नहीं किए जाने के कारण यह कार्यवाही की गई है।

### भ्रष्टाचार में लिप्त पंचायतों की जिला स्तरीय कमेटी करेगी जांच




बदरवास में लगभग दो दर्जन ग्राम पंचायत नरेगा घोटाले में लिप्त पाई गई हैं इन पंचायत की आठ सदस्यीय कमेटी गठित की गई है जिसमें चार सदस्य जिला स्तर के तैनात किए गए हैं। इन सभी के माध्यम से जांच कराई जाएगी और दोषी पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायकों के साथ-साथ सरपंचों के विरूद्ध भी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### जिला पंचायत अध्यक्ष ने सीईओ पर लगाए आरोप





जिला पंचायत सीईओ उमराव मरावी द्वारा 9 पंचायतों को नोटिस जारी किए हैं जबकि 11 पंचायतों के खिलाफ नोटिस तैयार है सीईओ की इस कार्यवाही को जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव ने चुनौती दी है और कहा है कि जिला कमेटी की बैठक में 15 पंचायतों पर कार्यवाही करना तय हुआ था, लेकिन सभी बीस पंचायतों को नोटिस जारी कर दिए गए हैं। जिनमें पांच पंचायतें ऐसी है जिनकी भ्रष्टाचार की कोई संलिप्तता नहीं है। मैं इस मुद्दे को आगामी जिला कमेटी की बैठक में रखूंगी। चूंकि मामले में नोटिस जारी हो चुके हैं और जांच चल रही है इसलिए मैं इस मामले में ज्यादा कुछ नहीं कह सकूंगी।

#### मामले पर क्या बोले कलेक्टर



इस पूरे मामले पर कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी ने कहा है कि मेरे द्वारा जनपद सीईओ के खिलाफ कार्यवाही के लिए शासन को पत्र लिखा गया है वहीं तीन संविदा कर्मियों को बर्खास्त करने की कार्यवाही की गई हैं साथ ही जिला पंचायत सीईओर् को भ्रष्टाचार में संलिप्त पंचायतों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। जिनमें से 9 को प्रारंभिक तौर पर नोटिस जारी किए गए हैं शेष 11 पंचायतों पर भी कार्यवाही की जाएगी। किसी भी भ्रष्टाचारी को नहीं छोड़ा जाएगा। इसके लिए मैने जिला पंचायत सीईओ को नियुक्त किया है और कमेटी का गठन किया है जो जांच कर रही है।

#### 11 पंचायतों को अभयदान, कठघरे में प्रशासन

वहीं राजनैतिक संरक्षण प्राप्त 11 पंचायतों को इस कार्यवाही से दूर रखा है। प्रशासन की इस कार्यवाही पर सवालियां निशान खड़े हो रहे हैं। खास बात यह है कि कार्यवाही से इन 11 पंचायतों में से कुछ पंचायतों पर जिला पंचायत के जनप्रतिनिधियों का सीधा संरक्षण प्राप्त है। इस पूरे मामले में जिला पंचायत सीईओ उमराव मरावी ने शेष पंचायतों को नोटिस जारी करने की बात कही है और कहा है कि जल्द से जल्द इन्हें नोटिस जारी किए जाऐंगे।

# चकरामपुर हत्याकांड... जिंदा बचे युवक ने वीडियो जारी कर कहा-आरोपियों को भारत सिंह कुशवाह का संरक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

जिले के नरवर थाना क्षेत्र के चकरामपुर गांव में बीती 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव के मतदान की शाम गांव में हुए हत्याकांड में भदौरिया परिवार के चार लोगों की जान चली गई थी। वहीं, भदौरिया परिवार के दो भाइयों की जान बच गई थी। नरवर पुलिस अब तक इस हत्याकाण्ड के कई आरोपियों को जेल भेज चुकी है। लेकिन भदौरिया परिवार के सदस्य भोला भदौरिया ने कार्रवाई से असंतुष्ट होकर एक वीडियो जारी किया। भोला ने भाजपा नेता भारत सिंह कुशवाह पर आरोपियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। जबकि भोला भदौरिया ने खुद को भाजपा से जुड़ा बताया है।

#### भोला ने किया वीडियो जारी

भोला भदौरिया ने वीडियो जारी कर कहा कि 17 नवंबर को विधानसभा के मतदान के दिन जो घटना घटित हुई थी। वह उसी पीड़ति परिवार का सदस्य हूं। 17 नवंबर को पोहरी विधानसभा के चकरामपुर गांव के पोलिंग बूथ पर भाजपा की ओर से एजेंट बना था। मतदान के दिन उसके बड़े भाई ने दो फर्जी वोट डालने नहीं दिए थे। इस बात पर गांव के कुछ लोगों ने एकत्रित होकर नरसंहार कर दिया था। इस घटना में उसके माता-पिता, चाचा और मामा के लड़के की हत्या कर दी गई। इस घटना में मेरे चाचा-मामा के लड़के को वाहन में जिंदा जल गए थे। उसने आगे कहा कि मेरा सभी ये निवेदन है इस मामले के आरोपी आज तक हाजिर हुए है और न ही उन पर कोई इनाम है। क्योंकि उन्हें भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी भारत सिंह कुशवाह ने खुलेआम संरक्षण दिया हुआ है। जबकि 82 की उद्घोषणा भी हो चुकी थी। जिसकी तारीख 29 जनवरी आखरी थी। आरोपियों को 29 जनवरी को कोर्ट में हाजिर होना था। लेकिन आज तक आरोपी हाजिर हुए हैं। इसके बावजूद आरोपियों के न ही मकान ध्वस्त किए गए और न कुड़की का वारंट जारी हुआ है। इसकी मुख्य वजह है कि भाजपा नेता भारत सिंह कुशवाह ने आरोपियों को संरक्षण दे कर रखा है। भोला भदौरिया ने अपने शब्दों में कहा कि मेरा सभी से विनम्र निवेदन है कि मेरा दुःख आप लोग समझ सकते हैं कि मैंने क्या खोया है। इसी चलते वह सभी से बीजेपी नेता का खुलकर विरोध करने की अपील करता है। ऐसे में आगे में खुलेआम नरसंहार हो सकते हैं।




#### क्या था मामला

बता दें कि चकरामपुर गांव में 26 सितंबर 2023 के गणेश विसर्जन जुलूस के वक्त कुशवाह परिवार और भदौरिया के बीच डीजे बजाने को लेकर विवाद हुआ था। इस झगड़े में गोलियां चल गई थी। इसके बाद 17 नबंवर मतदान के दिन पोलिंग बूथ पर दोनों पक्षों में वोट डलवाने को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसके बाद 17 नवंबर की शाम दोनों परिवारों में झगड़ा हो गया था। इस झगड़े में कुशवाह पक्ष के लोगों ने भदौरिया परिवार के सदस्यों ने हमला कर दिया था। इस हमले में मुन्ना भदौरिया (50), पत्नी आशा देवी(42), छोटे भाई लक्ष्मण(45) और भतीजे हिमांशु उर्फ अमर सिंह(20) की जान चली गई थी। इस झगड़े में मुन्ना भदौरिया के दो बेटे राजेंद्र (28) और योगेंद्र उर्फ भोला भदौरिया (27) की जान बच गई थी।

## तीन दिन से लगदा गांव का बालक लापता

**शिवपुरी।** जिले के रन्नौद थाना क्षेत्र के लगदा गांव से एक 15 वर्षीय बालक लापता हो गया। 3 दिन गुजर जाने के बाद भी बालक का कोई सुराग नहीं लग सका है। पीड़ति पिता ने अपने बेटे की गुमशुदगी की रिपोर्ट रणोदब थाने में दर्ज कराई है।लगदा गांव के रहने वाले कल्याण पुत्र पीतम रजक ने बताया कि 5 अप्रैल की दोपहर उसका 15 साल का बेटा बृजभान रजक गांव में अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। इसके बाद वह किसी को कुछ भी बताएं बिना ही लापता हो गया था।



5 मार्च की रात तक जब ब्रजभान घर वापस नहीं लौटा इसके बाद उसकी तलाश की गई थी। सभी रिश्तेदारियों में भी पूछताछ की गई थी। हालांकि, बृजभान का सुराग कहीं नहीं लग सका। बृज भान की गुमशुदगी की शिकायत रन्नौद थाने में दर्ज कराई है। लापता बच्चे का फोटो जारी कर सोशल साइट्स पर भी बृज भान के पिता कल्याण रजक ने उसके बेटे की तलाश करने में सहयोग करने की गुहार लगाई है।

### ईनामी आरोपी गिरफ्तार

**चन्देरी।** पुलिस ने बलात्कार एंव पास्को एक्ट में फरारी ईनामी आरोपी चार्ली राजा उर्फ अनुराग सिंह पुत्र उदयसिंह यादव उम्र 40 साल निवासी मलावनी थाना ललितपुर उ.प्र. को गिरफतार किया है जो दिल्ली तरफ से कन्टेनर लेकर झांसी आ रहा था। उक्त सूचना पर से थाना पुलिस द्वारा थाना चिरूला की पुलिस से मदद लेकर आरटिया नाका चिरूला पर चैकिंग लगाई जिसमें फरारी आरोपी को गिरफतार किया गया। उक्त आरोपी पिछले छः साल से बलात्कार एंव पोस्को एक्ट के मामले में फरार चल रहा था जिसपर पुलिस अधीक्षक अशोकनगर द्वारा 8000 रू का ईनाम उद्घोषित किया गया था। उक्त आरोपी को पुलिस द्वारा गिरफतार, कर न्यायालय पेश किया गया।

# बार काउंसिल चुनावः तिवारी अध्यक्ष और दुर्गेश बने सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

बार काउंसिल गठन के लिए शनिवार को चुनाव हुए, जिसमें मतगणना रविवार सुबह 11 बजे प्रारंभ हुई। 7 घंटे तक चली इस मतगणना में 12वे राउंड में परिणाम निकले, जिसमें अध्यक्ष पद पर एडवोकेट विजय तिवारी ने 323 मत हासिल कर जीत हासिल की। जबकि सचिव पद का मुकाबला बेहद नजदीकी रहा यहां दुर्गेश धाकड़ 231 मत हासिल कर विजेता घोषित हुए। शनिवार को बार काउंसिल पद के अध्यक्ष, सचिव, सहसचिव, कोषाध्यक्ष और लाइब्रेरियन पद के लिए 641 वकीलों में से 593 वकीलों ने मतदान किया। चुनाव अधिकारी चंद्रभान सिंह सिकरवार, प्रवीण त्रिपाठी और श्रेय शर्मा ने बताया कि सुबह 11 बजे रविवार को मत गणना न्यायालय परिसर में प्रारंभ हुई। जिसमें हर 50 मत की गणना के बाद परिणाम घोषित किए गए। खास बात यह रही की तकरीबन सभी राउंड में एडवोकेट विजय तिवारी अपने निकटतम प्रत्याशियों को मात देते रहे और आखिर में 12 वे राउंड पर हुई फायनल मतगणना के बाद 323 मत हासिल करने पर उन्हें अध्यक्ष पद पर विजेता घोषित किया गया। जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी गोपाल व्यास रहे, जिन्हें 214 मत हासिल हुए। राजेश जाट को 26 और जितेंद्र सिकरवार को 21 मत मिले। सबसे ज्यादा 410 वोट बहादुर को मिले सहसचिव पद के लिए बहादुर को 410 वोट मिले। और बहादुर एक ऐसे प्रत्याशी रहे जिन्हें सभी पदों के प्रत्याशियों में सर्वाधिक मत हासिल हुए। कोषाध्यक्ष पद पर रीतेश निगम । लाइब्रेरियन पद पर लोकेश ओझा को 299 मत मिले जबकि नितिन माथुर को 275 मत हासिल हुए। उपाध्यक्ष पद पर पूर्व में ही एकमात्र नामांकन होने से एडवोकेट अजय जैन का नाम विजेता घोषित किया गया।





# स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन




**अशोकनगर।** रविवार को वल्ड हेल्थ डे के अवसर पर स्थानीय बचपन स्कूल में हेल्थ चेकअप कैंप (स्वास्थ्य परीक्षण शिविर) का आयोजन रखा गया। जिसमें शहर के प्रतिष्ठित चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉक्टर संतोष रघुवंशी ने उपस्थित सभी बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। डॉ संतोष रघुवंशी ने बच्चों को स्वस्थ रहने के संबंध में सफाई एवं खान-पान से संबंधित, एवं पेरेंट्स को अपने बच्चों के अच्छे से देखभाल से संबंधित मार्गदर्शन दिए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पेरेंट्स अपने बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए उपस्थित रहे ।

## गणगौर मेले का आगाज, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित कर्मचारियों ने मेला प्रांगण में लगाया झंडा

**चन्देरी।** नगर पालिका परिषद चन्देरी द्वारा आयोजित 11 दिवसीय गणगौर मेले को लेकर तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। रविवार को मां जागेश्वरी देवी मंदिर से पूजा अर्चना करने के पश्चात नगर में शोभा यात्रा निकाल कर झंडा मेले में गाढ़ा गया। शोभा यात्रा के दौरान चंदेरी नगर पालिका की मुख्य अधिकारी रीना राठौर सहित अधिकारी कर्मचारियों के साथ मंदिर के पुजारी जुग्गे महाराज झंडा लेकर मेला ग्राउंड पहुंचे। आपको बता दें कि पुरानी मान्यता है कि जब मां जागेश्वरी देवी मंदिर से मेले में झंडा पहुंच कर लगता है तभी इस मेले की शुरुआत होती है।



### पानी के लिए बर्तन लेकर रोड पर बैठे रहवासी

# कोलुआ रोड पर दो वार्डों के लोगों ने लगाया जाम, नपा अध्यक्ष पहुंचे, विवाद कराया शांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

स्थानीय कोलुआ रोड पर दो वार्ड के निवासियो ने पानी को लेकर जाम लगाया। इस दौरान दो वार्डो के निवासी अपने वर्तन लेकर बीच सडक पर बैठ गए। जिसके कारण यहा विवाद की स्थिति पैदा हो गई। यहा रास्ता बंद होने की जानकारी जब नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया को मिली तब वह मौके पर पहुचे और जाम दे रहे लोगो को समझाइस दी और कहा कि उन्हे किसी भी प्रकार की पानी की समस्या नही आने दी जाएगी।

ज्ञात हो कि शहर मे अल्प वर्षा के कारण जल संकट की स्थिति पैदा हो गई है। यहा प्रायवेट टेकरो द्वारा जो पानी प्रदाय किया जाता है। उससे 100 रूपए अधिक टेकर के लिए जाते है। जिसे लेकर एक दिन पहले सिटी कोतवाली मे एसडीएम की उपस्थिति मे एक बैठक आयोजित की गई थी। जिसमे टेकर संचालको ने भी भाग लिया था। जिसमे निर्णय लिया गया था कि पानी के टेकर मालिको द्वारा मनमाने दामो पर पानी बेचा जा रहा है। नगरपालिका अशोकनगर मे सभी प्रायवेट टेकर अब नगरपालिका के माध्यम से जल प्रदाय करेगे और नगरपालिका अशोकनगर मे जल टेंकर चाहने वाले व्यक्ति के द्वारा 300 रूपए की राषि की रसीद कटवाई जाएगी। जबकि नगरपालिका बिना किसी राषि के जहा भी पानी की समस्या है वहा निषुल्क टेकर भेज रही है। एक दिन पहले हुई बैठक के बाद जब टेकर नही पहुचा। तब यह जाम लगाया गया। जिसके बाद न तो टेकर पहुचा न पानी मिला जिसे लेकर इन निवासियो ने जाम लगया था। नपाध्यक्ष की मध्यस्ता से यह विवाद हल हो गया।

